हरिभूमि


# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

04 बीएसआई पर जारी केपीएल ट्राफी में रोमांचक...



07 प्रदेश में फिर फैल रहा कोरोना इसलिए...





## खबर संक्षेप

### 15 तक लगवाएं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**सीहोर।** परिवहन विभाग ने सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए 15 जनवरी तक का समय निर्धारित किया है। इसके साथ ही परिवहन विभाग ने अहम आदेश जारी किया है। जिसके तहत अब बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के आरटीओ में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा। फिटनेस, ट्रांसफर, नाम-पता परिवत्रन, डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल जैसे सभी कार्यों के लिए आवेदन तभी लिए जाएंगे, जब संबंधित वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी होगी। आरटीओ कर्मचारी देखेंगे कि वाहन में यह नंबर प्लेट लगी है या नहीं। यदि नहीं लगी होगी तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

### जिला स्तरीय परिवाद समिति का होगा गठन

**सीहोर।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए जिला स्तरीय परिवाद समिति का गठन किया जाना है। समिति में सामाजिक कार्य क्षेत्र में प्रख्यात व महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध महिला को अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके साथ ही जिले के ब्लॉक, तालुका, तहसील, वार्ड, नपा में कार्यरत महिलाओं में से एक को सदस्य बनाया जाएगा। जारी आदेश में एक नामित व्यक्ति अजा-जजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, केंद्र द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय की महिला होगी। आवेदन कलेक्टर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग में जमा होंगे।

### फार्मेसी पाठ्यक्रम: आज से काउंसिलिंग

**सीहोर।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने फार्मेसी के विभिन्न पाठ्यक्रम बी. फार्मेसी, डी. फार्मेसी, एम. फार्मेसी और फार्म-डी पाठ्यक्रमों में संस्था स्तर पर काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 26 दिसंबर से शुरु होंगे। यह 30 दिसंबर तक होंगे। इसके तहत ऑनलाइन प्रवेश 28 से 30 दिसंबर तक लिए जा सकेंगे। इसके लिए अभ्यार्थी को संबंधित तारीख को सुबह 10.30 बजे उपस्थित होकर रिपोर्टिंग करना होगी। प्रवेश निरस्तीकरण 30 दिसंबर को शाम 3 बजे तक किया जा सकेगा। विभाग ने शेड्यूल जारी कर दिया है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 28 को होगी

**सीहोर।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) आठ विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती के लिए 28 जनवरी को परीक्षा आयोजित करेगा। बॉटनी, कॉमर्स, इंग्लिश, हिंदी, इतिहास, होम साइंस, गणित और संस्कृत आठ विषयों के लिए परीक्षा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, उज्जैन, शहडोल, मुरैना और रीवा में स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। यह परीक्षा दो सत्रों में ऑफलाइन पद्धति से ओएमआर शीट पर आधारित होगी। पहला पेपर मप्र और राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान और कंप्यूटर पर आधारित होगा।



**सीहोर।** सोमवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। इस कारण लोगों को 10 फिट की दूरी का भी नजर आना मुश्किल हो रहा था। इससे ट्रेनों के रफ्तार भी धीमी रही।

## कोहरे के आगोश में सीहोर: हाईवे पर 50 मीटर से कम रही विजिबिलिटी, हवाओं से वातावरण में बढ़ी सिहरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण प्रदेश समेत सीहोर में न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सोमवार को जिले में सुबह से घना कोहरा छाया।

हाईवे पर कोहरे के कारण विजिबिलिटी करीब 50 मीटर तक रही। घना कोहरा होने से सड़कों पर वाहन चालक लाइट जलाकर आवागमन करते नजर आए। सुबह 9 बजे के बाद कोहरा छंटना शुरू हुआ। लेकिन वातावरण में धुंध बरकरार रही। ग्रामीण इलाकों में सुबह 10.30 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। इसके अलावा कोहरे के बीच छूप खिली। जिससे लोगों को सर्दी से कुछ हद तक राहत मिली। सोमवार सुबह से का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम पारा 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते दो दिनों से सुबह के समय कोहरा व ठंड का असर बढ़ने लगा है। घना कोहरा होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

आरएके कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि उत्तर भारत में हो रही बर्फवारी के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। इसी कारण से कोहरा भी छा रहा है। उत्तर भारत से आनी वाली सुस्त हवाओं के कारण आने वाले दिनों में नमी के साथ पूर्वी हवाएं चलेंगे। 30 दिसंबर को बादल छाने के आसार हैं। वहीं नए साल में बारिश भी हो सकती है।

**देवनगर कॉलोनीवासी बोले:** बारिश में पहले भी छोटी नाली से नहीं निकलता है पानी, अब बड़ी नाली जुड़ने से होगी समस्या

# अब नहीं चल पाएगा ये सब...समस्या का समाधान नहीं निकाला तो नहीं होने देंगे आगे का काम

निर्माण एजेंसी समस्या का हल नहीं निकाल रही, पुरानी नाली में ही जोड़ रही नया नाली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देवनगर कॉलोनी के पास इस समय फोरलेन सड़क का निर्माण चल रहा है। सड़क निर्माण के दौरान नवीन नाली का भी निर्माण किया जा रहा है, लेकिन नवीन नाली को मिलीभगत के चलते देवनगर चौराहे पर पुरानी नाली में ही जोड़ा जा रहा है। इससे चलते क्षेत्र में बारिश के दिनों में जल भराव की समस्या काफी बढ़ जाएगी।

दरअसल, पिछले कुछ सालों से बारिश के दिनों में नाली का पानी घरों में घुसने की समस्या बनी हुई है। नए नाली निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आस लगी थी कि नई नाली निर्माण को जीवन किराना स्टोर से आगे तक ले जाया जाएगा। जिससे क्षेत्र में जल भराव की समस्या का निदान हो सकेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया जाकर नई नाली को पुरानी नाली में ही जोड़ा जा रहा है।

### नई नाली को बीच में ही जोड़ा तो नहीं होने देंगे काम

क्षेत्रवासियों ने कहा कि फोरलेन सड़क निर्माण में बनाई जा रही नाली को पुरानी नाली में ही बीच में जोड़ा जाने को लेकर काफी आक्रोश है। क्षेत्रवासी ऐसा नहीं होने देंगे और कार्य को आगे नहीं होने देकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्षेत्र की जलभराव की समस्या का हल निकलाने की जगह नवीन नाली को बीच में ही जोड़कर समस्या को बढ़ाया जा रहा है।



**सीहोर।** सड़क निर्माण के दौरान बनाई जा रही बड़ी नाली को पुरानी छोटी नाली से जोड़ा जा रहा है। इससे बारिश में जलभराव होगा।

### हर साल बारिश में रहती है जलभराव की समस्या

देवनगर कॉलोनी निवासी रामचरण, दीपक सहित अनेक लोगों ने बताया कि कालोनी में नाली का निर्माण ठीक ढंग से नहीं किया गया है। इसके चलते बारिश के दिनों में सबसे अधिक परेशानी होती है। छोटी-छोटी नालियां होने के कारण बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है और जल भराव के कारण लोगों के घर तालाब में तब्दील हो जाते हैं। हर साल इस समस्या को लेकर क्षेत्र के लोग नगर पालिका के समक्ष पुकार लगाते हैं, लेकिन समस्या का हल नहीं निकला है।



**अब एक बार फिर से जोड़ा जा रहा नई समस्या को :** नवीन नाली निर्माण को बीच में ही जोड़ देने से इंद्रा कालोनी सहित अन्य जगह का पानी भी देवनगर कॉलोनी की पुरानी नाली में आ जाएगा। इसके चलते क्षेत्रवासियों की बारिश के दिनों में समस्या कम होने की जगह काफी बढ़ जाएगी।

### निर्माण कार्य रुकवाया जाएगा

यदि पुरानी नाली से नई नाली को जोड़ा जा रहा है तो निर्माण एजेंसी से बात कर उसे रुकवाया जाएगा। लोगों को परेशानी नहीं होगी।

**विकास प्रिंस राठौर,** नगर पालिका अध्यक्ष सीहोर

## मंत्रिमंडल में सीहोर को भी मिला स्थान, इछावर विधायक करण सिंह वर्मा बने कैबिनेट मंत्री

**सीहोर।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर की इछावर विधानसभा से 8 वीं बार जीत दर्ज करने वाले विधायक करण सिंह वर्मा जीत के मामले में पूर्व सीएम शिवराज से दो कदम आगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां बुधनी विधानसभा से 6 बार जीत दर्ज की है, तो वहीं करण सिंह वर्मा ने इछावर विधानसभा से आठवीं बार जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचे हैं। इसके चलते मंत्रिमंडल में सीहोर को भी स्थान मिला है। सोमवार को करण सिंह वर्मा ने भोपाल पहुंचकर शपथ ली।

बता दें बीजेपी ने इस बार भी करण सिंह वर्मा पर ही विश्वास जताया था और उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया था। करण सिंह वर्मा पार्टी की उम्मीदों पर पूरी तरह खरे उतरे और उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी शैलेन्द्र पटेल को बड़े अंतर से हराया। करण सिंह वर्मा उमा भारती और शिवराज सिंह चौहान के मंत्रीमंडल में राजस्व मंत्री जैसे अहम पदों पर भी काबिज रह चुके हैं। करण सिंह वर्मा की सादगी के चर्चे पूरे मध्य प्रदेश में होते है। खुद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सार्वजनिक मंचों से करण सिंह वर्मा की तारीफ करने से नहीं चूकते थे। ज्ञात रहे कि उनका इछावर विधानसभा काफी



पिछड़ा क्षेत्र है। इसके चलते उन्हें मंत्रीमंडल में स्थान मिलना तय माना जा रहा था।

**क्षेत्रवासियों को दिया वचन :** इछावर विधानसभा से 8वीं बार जीत दर्ज करने के बाद विधायक करण सिंह वर्मा ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें वचन दिया कि क्षेत्र में चौतरफा विकास का कार्य कराया जाएगा। बेरोजगारों और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए औद्योगिक विकार कराया जाएगा। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र की जनता से वादा किया कि क्षेत्र में सड़क, पानी आदि की सुविधाएं पूर्ण रूप से दी जाएंगी। क्षेत्र के विकास में हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## नई राशन दुकान में चोरी को अंजाम देने के पहले धरा गया चोर गिरोह

**सीहोर।** थाना कोतवाली पुलिस ने राशन दुकान से चोरी करने वाले चोर गिरोह को दाबोच लिया है। चोर गिरोह राशन दुकान में ही अगली चोरी की योजना बना रहे थे, लेकिन इसके पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने चोर गिरोह से 12 क्विंटल गेहू एवं चोरी मे इस्तेमाल बाइक जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 16 दिसंबर को फरियादी बढिय़ाखेड़ी निवासी कीर्ति कुमार श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह लेबर कालोनी शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालक है।15 दिसंबर की रात अज्ञात चोरो ने उनकी राशन दुकान का ताला तोडकर 12 क्विंटल गेहूं एवं 07 क्विंटल चावल चोरी कर ले गए थे। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली ने चोरी का प्रकरण में कायम किया था। इस मामले में पुलिस



अधीक्षक मयंक अवस्थी ने अज्ञात आरोपी एवं चोरीशुदा माल की बरामद करने के निर्देश दिए थे।

कोतवाली पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तकनीकी मदद एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राजकुमार सूर्यवंशी पिता रामकिशन सूर्यवंशी (33) निवासी ब्रह्मपुरी कालोनी सीहोर, मोहिन खान पिता मुबीन खान निवासी पल्टन ऐरिया सीहोर तथा इशकार खान पिता इरशाद खान निवासी लाल मस्जिद के पास सीहोर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिनके द्वारा उक्त राशन दुकान से गेहू एवं चावल चोरी करना बताया। जिन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी से योजनाबद्ध तरीके से पूछताछ करने पर उनके द्वारा पूर्व में भी चोरी के अपराध करना बताया है। आरोपियों के कब्जे से 12 क्विंटल गेहू एवं चोरी मे इस्तेमाल बाइक जब्त की गई। चोरीशुदा चावल के संबंध में एवं अन्य अपराधो के सबंध में आरोपीगणों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों द्वारा पूछताछ में अगली चोरी राशन की दुकान में करने की योजना के बारे मेंबताया। जिससे पहले ही पुलिस द्वारा आरोपियों को धरदबोचा गया।

**बिजली कंपनी द्वारा दिए जा रहे मनमाने बिल उपभोक्ताओं की नाराजगी की वजह बने हुए हैं**


# बिजली कंपनी पर मनमाने तरीके से बिल वसूलने का आरोप उपभोक्ता बोले : हमें पता नहीं किन श्रेणियों में कितनी वसूली हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बिजली कंपनी उपभोक्ताओं से मनमाने तरीके से बिजली के बिल वसूल कर रही है। उपभोक्ताओं का मानना है कि हमें पता ही नहीं चल पाता कि सरकार की किन योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। किन श्रेणियों में उनसे कितनी वसूली जा रही है।

दरअसल विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिये जा रहे बिजली के बिल को लेकर उपभोक्ताओं में खासी नाराजगी बनी हुई है, इसकी वजह है कि बिजली बिल में काफी महत्वपूर्ण जानकारियां अंकित न होना।

बहुत ही छोटे आकार बिल उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। इससे वह उसे सहेजने में काफी परेशान होते हैं। वहीं बिल पर फीडर, जोन, मीटर वाचक, सुरक्षा निधि और सरकार की योजना के बारे में कोई जानकारी अंकित नहीं होती है।



| | |
|---|---|
| टैरिफ- | 101 |
| वर्त्तमान वाचन- | 13772 |
| पूर्व वाचन- | 13527 |
| आकलित खपत- | 0 |
| कुल बिल खपत- | 245.0/245.0 |
| मासिक देयक राशि- | 1897.0 |
| सब्सिडी- | 0.0 |
| AGJY सब्सिडी | 0.00 |
| वर्त्तमान देयक राशि- | 1897.0 |
| पिछला बकाया- | 0.0 |
| नियत तिथि तक देय राशि- | 1897.0 |
| भुगतान अधिभार राशि- | 24.0 |
| नियत तिथि पश्चात देय राशि- | 1921.0 |
| कैश हेतु अंतिम तिथि- | 27-Nov-2023 |

विस्तृत देयक कंपनी के पोर्टल https://portal.mpcz.in से

### किससे बात करें उपभोक्ता

बिजली बिल की राशि को लेकर यदि उपभोक्ता के मन में कोई संशय है तो वह किस अधिकारी और कर्मचारी से बात करे, इसकी जानकारी भी बिल पर अंकित नहीं है। उपभोक्ता पार्वती कालोनी में रहने वाले उपभोक्ताओ का कहना है कि बिजली विभाग एक तो मनमानी राशि वसूलती है।

बिल पर कोई जानकारी भी अंकित नहीं होती है। किस अधिकारी कर्मचारी से बात करना है, वह भी अंकित नहीं होता है, उपभोक्ता को कितनी सब्सिडी मिल रही है।

### नहीं मिल पाती सही जानकारी

उपभोक्ताओं की शिकायत है कि एक तो बिल में जानकारी अंकित है नहीं और अगर वह बिजली विभाग जानकारी लेने के लिए जाते हैं। तो अधिकारी और कर्मचारी सीधे मुंह बात नहीं करते हैं। कहते हैं कि ऑनलाइन जाकर के बिल निकलवा लाओ उसमें जानकारी मिल जाएगी। अब ऐसे में उपभोक्ता बिजली कंपनी के चक्कर काट रहे हैं और आनलाइन सेंटरों के चक्कर काटने को भी विवश हो रहे हैं। इससे गरीब मजदूर लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

### कंपनी के नियम हैं

कंपनी के महाप्रबंधक एसके खरे का कहना है कि कंपनी के नियम हैं, इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं, जानकारी के लिए उपभोक्ता ऑन लाइन जाकर प्रिंट निकलवा कर देख सकता है। वेबसाइट पर जानकारी मिल जाएगी। वहीं कार्यालय जाकर भी जानकारी हासिल की जा सकती है।

## चर्च की दीवार पर लगा विवादित पम्पलेट लिखा- यहां हिंदुओं का आना सख्त मना है



**सीहोर।** नगर में ऑफिसर्स कॉलोनी के पास स्थित आल सेंट चर्च के गेट पर चिपके हुए पम्पलेट चर्चा का केंद्र बिंदु बने हुए हैं। इन पम्पलेट पर लिखा हुआ है कि यहां हिंदुओं का आना सख्त मना है।

जानकारी के अनुसार सीहोर नगर में स्थित इस चर्च में हर साल क्रिसमस के अवसर पर अनेक आयोजन होते हैं। क्रिसमस है तब यह चर्च चर्चाओं का केंद्र बिंदु बन गया है। चर्च के गेट पर पम्पलेट लगे हुए हैं जिनमें लिखा हुआ है कि हिंदुओं का आना सख्त मना है हालांकि इस संदर्भ में अभी तक चर्च की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। बताया गया है कि यह चर्च एशिया के सुंदर चर्चों में से एक है और इसकी बनावट भी अपने आप में काफी आकर्षक है।

## खबर संक्षेप



### 30 से प्रारंभ होगी रामायण महापुराण कथा

**सीहोर।** श्री तुलसी मानस महिला रामायण मण्डल हाउसिंह बोर्ड कॉलोनी सीहोर के तत्वाधान में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दिनांक 30 दिसंबर 2023 से संगीतमय भव्य राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सीहोर नगर के सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं भागवत सिंधु आचार्य पं. हर्षित शास्त्री जी महाराज के मुखार बिंद से श्रीराम कथा का शुभारंभ प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक स्थानीय हनुमान मंदिर प्रांगण हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया जायेगा। जिसके तारतम्य में आज कथा स्थल हनुमान मंदिर परिसर में आचार्य पं. हर्षित शास्त्री जी के द्वारा कथा स्थल का भूमिपूजन किया गया। गुरुजी के आगमन पर महिला मंडल के द्वारा पुष्पगुच्छ भेट कर सम्मान किया गया। आचार्य द्वारा कथा स्थल पर पूजा -पाठ कर मण्डप तैयारी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा जन-मानस से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया।

### पर्चों में लिखा: शहर में संचालित हो रही अवैध गतिविधियां बंद हों

# जुआ-सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों से परेशान ग्रामीणों ने दीवारों पर लगाए पर्चे

ग्राम पुंजापुरा में संचालित हो रही अवैध गतविधियों से परेशान होकर उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पुंजापुरा में अवैध रूप से सट्टे का कारोबार चरम पर है। जिम्मेदार प्रशासन की सांठगांठ के चलते यहां पर अवैध रूप से सट्टे का व्यापार चलाया जा रहा है। जिससे परेशान होकर ग्राम पुंजापुरा में कई दीवारों पर अवैध सट्टा के व्यापार को लेकर पर्चे चिपकाए गए हैं। रविवार को पर्चे वाला मामला सोशल मीडिया पर भी चर्चा में रहा। हर चौराहे पर इसकी चर्चाएं सुनने को मिली। जिसमें निवेदक ग्राम पुंजापुरा की आम जनता को बताया गया है। हालांकि यह पर्चे किसके द्वारा चिपकाए गए हैं यह किसी को पता नहीं है। पर्चे में लिखी गई बातों से यह स्पष्ट होता है की पुंजापुरा में अवैध कारोबार की गतिविधियां तेजी से संचालित हो रही हैं। उसी से परेशान होकर इस प्रकार से यह पर्चे लगाए गए हैं।

पर्चे में यहां तक लिखा गया है कि प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की सांठगांठ के चलते पुंजापुरा अवैध गतिविधियों का अड्डा बना हुआ है। हालांकि इस पर्चे के आधार पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है यह तो समय पर ही पता चलेगा। लगाए गए पर्चे कई प्रश्न खड़े करते दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि इसमें सीधा पुलिस प्रशासन को घेरा जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें जनप्रतिनिधियों का भी उल्लेख किया गया है। अवैध गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों पर भी प्रश्न खड़े हो रहे है। इस पर्चे में बताया गया है कि इस अवैध गतिविधियों से महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है,यदि यहां पर अवैध गतिविधियां बंद होती हैं तो महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।




### चिपकाए गए पर्चों में लिखा, प्रशासन व जनप्रतिनिधि ध्यान दें


ग्राम पंचायत पुंजापुरा में जुआ सट्टा, अवैध गतिविधियां बंद हों। पुलिस व नेताओं के संरक्षण में जुआ, सट्टा अवैध गतिविधियां बंद हो। गांव के जनसामान्य व महिलाओं को इन गोरख धंधो से आजादी मिले। पुंजापुरा ग्राम पंचायत अवैध कारोबार का अड्डा बन गया। इसे आजाद करो प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से यह मांग आम जनता व विशेष कर महिलाओं ने की। अगर प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा तो जनता सड़क पर उतरने पर मजबूर होगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

#### जानकारी मिली है

मीडिया के माध्यम से मुझे इस मामले की जानकारी मिली है, इस मामले में कार्रवाई की जाएगी, यदि इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित हो रही हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। और यदि किसी ने पुलिस प्रशासन की छवि को धुमिल करने के लिए गलत तरीके से इस प्रकार के पर्चे लगाए हैं, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**सृष्टि भार्गव,**
एसडीओपी बागली

## कवियों ने हंसते-हंसाते अटलजी की स्मृति में किया काव्यपाठ



**सीहोर।** अटलजी देश को शक्तिशाली बना गए है और मोदीजी दुनिया में भारत का डंका बजा रहे है। गल्लामंडी में चार कवियों ने अटलजी की स्मृति में काव्यपाठ किया। हास्यव्यांग से हसाकर स्वास्थ्यवर्धन के लिए प्रेरित करते हुए कवियों ने श्रोताओं के समक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय के द्वारा किए गए देशहितैशी कार्यो को प्रस्तुत किया।

जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह पवांर के मार्गदर्शन में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने गल्लामंडी स्थित गणेश मंदिर परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य पुष्पांजली काव्यपाठ कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर विशेष अतिथि श्रीमति अरूणा सुदेश राय एवं भाजपा नेता कमलेश कटारे ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह पवांर ने अतिथियों एवं शाजापुर और सीहोर जिले के प्रसिद्ध कवि हजारीलाल हबलदार,हुकुम सिंह देशप्रेमी, डॉ विजेंद्र जायसवाल, श्रीमति सीमा शर्मा का पुष्प मालाएं गुलदस्ता शॉल श्रीफल सम्मान पत्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत भाषण देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह पवांर ने कहा की अटलजी हमारे हृदय में बसे हुए है उन्होने पूरी दुनिया के देशों को परमाणू बम बनाकर शांति के साथ शक्ति का संदेश दिया अब इसी पारंपरा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ाते हुए दुनिया में भारत का डंका बजा रहे है हम हमेशा अटलजी के कर्जदार रहेंगे।

कवि हजारीलाल हबलदार, हुकुम सिंह देशप्रेमी,डॉ विजेंद्र जायसवाल, सीमा शर्मा ने हास्यव्यांग कर श्रोताओं को हसा हसाकर लोटपोट काव्यापाठ करते हुए देशप्रेम जगा दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूरन सिंह राठौर एवं आभार कमलेश कटारे के द्वारा व्यक्त किया गया।

## जिले भर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा



**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे है और अनेक विभागों द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा 25 दिसंबर को भैरून्दा जनपद की ग्राम पंचायत बगवाड़ा, इटावा, खजूरी, आमडो में निकाली गई। आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत भंवरी कला, हरनावदा, अरोलिया जावर, खजूरिया जावर में निकाली गई।

### राष्ट्रीय शालेय जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में आशीष वर्मा का चयन



**सीहोर।** शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान के छात्र आशीष वर्मा का चयन राष्ट्रीय शालेय जूनियर फु टबाल प्रतियोगिता के लिए म.प्र. दल में हुआ है। उल्लेखनीय है कि एस.जी.एफ .आई. द्वारा दिनांक 27 दिसंबर से 05 जनवरी 2024 तक अण्डमान निकोबार में राष्ट्रीय फु टबाल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। आशीष के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, प्राचार्य आलोक शर्मा, खेल प्रभारी अताउल्लाह खान, अरूणा पारे, नारायण प्रसाद कुशवाहा, म.प्र. फु टबाल संघ के मनोज कन्नोजिया, प्रशिक्षक विजेन्द्र परमार, मनोज अहिरवार, माधव यादव, खेल शिक्षक राजेश मालवीय आदि ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए शुभकामनाए दी है।

### ऋषभ यादव बने बॉडी बिल्डर चैंपियन



**सीहोर।** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन के तत्वाधान में जयपुर राजस्थान में आयोजित मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2023 में सीहोर के ऋषभ यादव में तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं पॉवर लिफ्टिंग में वीर सिंह राजपूत ने एमपी पॉवर लिफ्टिंग में ब्रांजल मैडल जीता है। दोनों की उपलब्धि पर समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय, कोच जुबेर कुरैशी, जितेंद्र यादव, अतुल राय, निरंजन सिंह सोलंकी। अमित शर्मा, जुनेद अली, गणेश चौरसिया, रविन्द्र सिंह चौहान, जितेंद्र माहेश्वरी,यश डेविड,विकास परमार, नीरज वर्मा आदि ने बधाई दी है।

### देवास का युवक भगा ले गया था 17 वर्षीय किशोरी को, महेश्वर से धराया

**सीहोर।** एक सप्ताह पहले बजरंग कालोनी इंदौर नाका की 17 वर्षीय किशोरी को देवास का युवक झांसा देकर भगा ले गया था। पुलिस ने आरोपी को महेश्वर से गिरफ्तार कर किशोरी को दस्तयाब कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 18 दिसंबर को बजरंग कालोनी, इंदौर नाका सीहोर निवासी फरियादी ने रिपोर्ट की थी कि उसकी 17 वर्ष 06 माह की नाबालिग पुत्री घर से सुबह 10 बजे स्कूल जाने का बोलकर निकली थी। शाम तक वापिस घर नहीं पहुंची। शंका व्यक्त की कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली ने धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान तकनीकी मदद एवं मुखबिर सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग अपहर्ता को महेश्वर जिला खरगोन से दस्तयाब कर संदेही सूरज सोलकी पिता संतोष सोलंकी (21) निवासी ग्राम बदनावर थाना खातेगाव जिला देवास को गिरफ्तार किया गया।

### अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** जिस तरह देश के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड जरूरी है, उसी तरह अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकार्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है।

एबीसी एक प्रकार की बैंक है जिसमें हर विद्यार्थी की प्रत्येक परीक्षा का रिकार्ड हमेशा के लिए स्टोर रहेगा। इसी बैंक के आधार पर अब विद्यार्थी को देश-विदेश में कहीं भी आगे पढ़ाई करनी हो या कहीं नौकरी में जाना हो तो उसे मार्कशीट और डॉक्यूमेंट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी। विद्यार्थी को एग्जाम फार्म भरने से पहले एबीसी में केवल एक बार ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

## हम भी नहीं हैं किसी से कम, सीहोर की बेटियों ने दिखाया दम

**सीहोर।** 20 वीं नेशनल कराते चैम्पियन शिप रेल्वे परिसर भोपाल में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में सीहोर जिले को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सीहोर जिले की बालिका छात्रावास की बालिकाओं ने अपने-अपने वजन वर्ग में मेडल हासिल किए। बालिका छात्रावास में कोठरी, सिध्दीकगंज, वीरपुर डेम, रेहटी, लडकुई की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीहोर जिले का नाम रोशन किया।

सचिव राजेंद्र सेन बताया कि इस प्रतियोगिता में सीहोर की बालिकाओं ने 8 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल, 2 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। जिले के कोच आनंद पंसोरिया ( केप्टन,) ने बताया कि सभी बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीहोर जिले का नाम रोशन किया। इनकी इस उपलब्धि पर अध्यक्ष अन्नू चौहान, कलेक्टर श्री प्रवीण, जिला खेल अधिकारी रुबिका देवान, पुलिस अधिक्षक श्री मयंक अवस्थी, सूबेदार मैडम प्राची राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, समाजसेवी अखलेश राय, गौरव सन्नी महाजन, विधायक सुदेश राय, राजू राजपूत, अखलेश राठौर ( पहलवान), राजीव गुजराती, शशांक सक्सेना, खेल प्रशिक्षक अता उल्ला खान, मनोज कन्नोजिया, बजरंग दल की ओर से सुनील शर्मा, विवेक राठौर, जगदीश कुशवाह, राकेश विश्वकर्मा, राहुल कुशवाह, मुकुल कुशवाह, मनोज केप्टन, प्रशांत राठौर, प्रकाश कटारे, अरुण दिसोरिया, गौरव दोहरे, मुकुल दोहरे, विकास दास, काजल असाटिया, नेन्सी ठाकुर, महक लोधी, रेखा कुशवाह, मुस्कान मांझी, साक्षी कटारे एवं समस्त खेल संघ के द्वारा शुभकामनाऐं व बधाई प्रेषित की है।




## राजेश राठौर और राजेन्द्र राठौर हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश के शिवपुरी में अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय कार्य समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया था। इस मौके पर महा सभा के संरक्षक और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने वाले राजेश राठौर और समाजसेवी राजेन्द्र राठौर को महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल राठौर सहित अन्य पदाधिकारियों समाज रत्न अलंकार सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए राठौर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राठौर ने समाज बंधुओं के एकजुट प्रयासों से कुरीतियों को खत्म करने के लिए प्रत्यनशील रहने का संकल्प लिया है। वहीं समाज रत्न अलंकार सम्मान से पुरस्कृत राजेश राठौर और राजेन्द्र राठौर को बधाई देते हुए सम्मान पत्र दिया गया। इस उपलब्धि पर परिवार सहित समाज में हर्ष व्याप्त है।




बीएसआई मैदान पर जारी है केपीएल ट्राफी

# बीएसआई पर जारी केपीएल ट्राफी में रोमांचक मैच के दौरान क्रिसेंट ने कृष्णा ब्लास्टर को सात रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में जारी आईपीएल की तर्ज पर खेली जा रही केपीएल ट्राफी के दूसरे दिन दो मैचों का आयोजन किया गया था। इसमें पहले मैच में क्रिसेंट डायनमिक ने कृष्णा ब्लास्टर को सात रन और दूसरे मैच में इलेवन आल राउंडर ने ओल्ड स्कूल फाइटर को 15 रन से हराया।

रविवार को सुबह खेले गए पहले मुकाबले में क्रिसेंट डायनमिक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 154 रन बनाए थे। इसमें सलामी बल्लेबाज नीरज मेहरा ने 23 गेंद पर 39 रन और राज कुशवाहा ने 23 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके पश्चात विशांक शिंदे ने 29 रन, चेतन मेवाड़ा ने 17 गेंद पर 25 रन और आयुष सोनी ने 20 गेंद पर 24 रन बनाए थे। इसके अलावा कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रौनक ने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट, स्पनिल ने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट, वीरेन्द्र वर्मा ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट हासिल किए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाए थे। इसमें टीम के कप्तान वीरेन्द्र वर्मा ने 51 गेंद पर 69 रन की कप्तानी पारी खेली, इसके अलावा आयुष डाबी ने 24 गेंद पर 27 रन, मयंक जैन ने 23 गेंद पर 23 रन और अमन ने नौ गेंद पर 13 रन बनाए। इधर क्रिसेंट डायनमिक की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए चेतन मेवाड़ा ने चार ओवर ने 23 रन देकर एक विकेट, हेमंत चौरसिया, आदर्श राय और राज कुशवाहा ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस प्रकार क्रिसेंट ने सात विकेट से जीत हासिल की।



**इलेवन आल राउंडर ने ओल्ड स्कूल फाइटर को 15 रन से हराया :** डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरा मैच इलेवन आल राउंडर ने ओल्ड स्कूल फाइटर को 15 रन से हराया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी इलेवन आल राउंडर ने 20 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए थे। इसमें आदित्य अग्रवाल ने मात्र 60 गेंद पर 85 रन, गौरव पिचोनिया ने 28 गेंद पर 34 रन, सुनील जलोदिया ने 15 गेंद पर 13 रन और कृष्णा शर्मा ने 11 गेंद पर 10 रन बनाए थे। इधर ओल्ड स्कूल फाइटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सचिन कीर ने तीन विकेट, सचिन वर्मा, धर्मेन्द्र मेवाड़ा और प्रखर सेन ने एक-एक विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओल्ड स्कूल फाइटर की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर 153 रन बनाए थे। इसमें सचिन कीर ने 50 रन और अतुल कुशवाहा ने 30 रन की शानदार पारी खेली।

## करणसिंह वर्मा को केबिनेट मंत्री बनाने पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**इछावर।** विधानसभा चुनाव में 8 बार विजय प्राप्त करने वाले क्षेत्रीय विधायक करणसिंह वर्मा को एक फिर केबिनेट मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र में उत्साह का महौल है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाया।

सोमवार को भोपाल में आयोजित मंत्री शपथ ग्रहण समारोह में विधायक करणसिंह वर्मा को राज्यपाल द्वारा केबिनेट मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । यह खबर सामने आते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया।

और भाजपा कार्यकर्ता उत्साह व खुशी से झूम उठे। गौरतलब है कि श्री वर्मा विधानसभा चुनाव में 8 बार विजय प्राप्त कर चुके हैं। इससे पहले भी श्री वर्मा शिवराज सिंह सरकार में राजस्व मंत्री की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं।




विधायक श्री वर्मा को केबिनेट मंत्री बनाए जाने की खबर सुनते ही क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

उन्होंने मिठाई बांटकर एवं आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही श्री वर्मा को बधाई देते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराणा, जिला भाजपा कार्यालय मंत्री पंकज गुप्ता, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश पटेल, मंडल उपाध्यक्ष पप्पू नागर, नपा अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, पार्षद शशिर राठी, सचिन मालवीय,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा, जिला आईटी सेल प्रभारी अतिराज सिंह खींची, मंगल पांडे, सरपंच ग्राम पंचायत फांगिया पुष्पा सुनील जायसवाल, प्रणत चौहान ,शुभम यादव, सचिन मकरैया आदि के नाम है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

कोरोना महामारी के संभावित खतरे के बीच स्वास्थ्य विभाग ने दी जरूरी सलाह

# प्रदेश में फिर फैल रहा कोरोना इसलिए रहें सतर्क, बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

सार्वजनिक स्थानों की भीड़ से बचें और अपना मुहं, नाक अच्छे से ढकें



प्रदेश में कोरोना वायरस के फिर से बढ़ते खतरे के बीच स्वास्थ्य महकमा एलर्ट मोड पर है। इस वायरस से बचाव के लिए आपको स्वयं सतर्क रहना होगा। खुद को बचाने के लिए सार्वजनिक स्थानों से दूरी बनाएं और अपना नाक मुहं, ढंक कर रखें।

उक्त बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिया ने कही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य अमला किसी भी महामारी से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कोराना वायरस किसी भी व्यक्ति के खांसने या छींकने पर उत्पन्न हुई श्वासन बूंदों के माध्यम से या संक्रमित व्यक्ति के करीब संपर्क में आने से सबसे अधिक फैलता है। इसीलिए जब वायरस हमारे सामाजिक दायरे में फैल रहा हो तो सामाजिक दूरी बनाना ही उसके बचाव का प्रमुख उपाय है।

उन्होंने कहा कि घर से बाहर जाते समय मुहं पर मास्क लगाकर जाएं और वापस घर आने पर अपने हाथों को अच्छे से धोएं। साथ ही अपने साथ सेनिटाइजर अवश्य रखें क्योंकि कभी-कभी हाथ धोने के लिए यदि पानी उपलब्ध न हो तो उसका उपयोग कर सकते हैं। बिना हाथ धोए अपने नाक, मुहं और आंखों को छूने से बचे। इन बातों को ध्यान में रखकर हम काफी हद तक कोरोना के संक्रमण से अपने को बचा सकते हैं।

### जाने वायरस से लड़ने कितने तैयार हैं हम

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए जिला स्तर पर 10 आईसीयू बेड तैयार हैं। इसके अतिरिक्त 2 आईसोलेशन वार्ड बनाएं जा रहे हैं। सीएचसी स्तर पर भी 1-1 वार्ड आरक्षित किया जा रहा है। जिले में जहां पर भी आक्सीजन प्लांट लगे हैं उनका ट्रायल रन करा दिया गया है। समस्त स्टॉफ को मुख्यालय पर निवास करने और आगामी एक माह तक कोई भी अवकाश न देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी ओपीडी में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों के सेंम्पल लेने और उनकी मुख्यालय पर ही जांच के लिए अमले को निर्देशित किया है और संदिग्ध होने पर सेम्पल को भोपाल जांच के लिए भेजने की व्यवस्था भी की जा रही है।

### केरल से आया है जेएन-1 वायरस

कोरोना महामारी का नया वेरीयेंट जेएन-1 का पहला मरीज केरल में मिला था। इसके बाद इंदौर, भोपाल और जबलपुर में कोरोना के मरीज मिल चुके हैं हालांकि, उनमें यह जेएन-1 वायरस संक्रमित हैं या नहीं। इसकी जांच एम्स भोपाल में हो रही है।

गंदगी और पानी की समस्या से जूझते हैं मैरिज

# आए दिन डॉक्टरों की लापरवाही से मरीज होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ़

मेहताब सिविल हॉस्पिटल में डॉक्टर के अस्पताल में आने का समय 9.30 का है लेकिन ड्यूटी के टाइम से बहुत देरी पर डॉक्टर पहुंचते हैं जिस कारण अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को लंबी-लंबी लाइनों में लगकर उनका



इंतजार करना पड़ता है। ठंड के मौसम में डॉक्टरों की लेट लतीफ के कारण घंटों लाइन में खड़े होकर मैरिज उनका इंतजार करते रहते हैं। नहीं तो इन डॉक्टरों के जून रिंग रही है और ना ही उनके आला अधिकारी को कोई फर्क पड़ता है। अस्पताल के बाद इंतेजामत के कारण यह हॉस्पिटल सुर्खियों में बना रहता है। खबरों के माध्यम से सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ की लापरवाही उजागर हो चुकी है, उसके बावजूद भी अस्पताल की हालत बस से बस्तर नजर आती है चारों ओर गंदगी और अवस्थित वातावरण में मरीज इलाज करने को मजबूर है।

### वरिष्ठ अधिकारी नहीं देते हैं ध्यान

डॉक्टरों की लापरवाही और स्टाफ की मनमानी पर वरिष्ठ अधिकारी ध्यान नहीं देते। इसी का नतीजा है कि सभी ने अपनी मनमानी करना चालू कर दी। रविवार को 10:30 बजे एक वीडियो वायरल हुआ उसमें महिला डॉक्टर उपस्थित नही थी मरीज लगा रहे आरोप कि हम काफी देर से परेशान हो रहे हैं परंतु महिला डॉक्टर एक भी उपस्थित।

## नपा ने नहीं सुनी तो कॉलोनीवासियों ने ही बना दी सीमेंट की पुलिया

**राजगढ़।** शहर की भवर कॉलोनी में खुले पड़े हुए नालों को कवर करने के लिए जब नगर पालिका ध्यान नहीं दे पाई तो कॉलोनी वासियों ने ही आपस में पैसे इकट्ठा कर गंदे बहते नाले के उपर पुलिया का निर्माण करवा दिया। कॉलोनी वासियों का कहना है कि गंदगी के कारण यहां रहना मुष्किल हो रहा था एवं गंदगी के कारण



मच्छर और मक्खि के साथ अन्य तरह के संक्रमण का भी डर बना हुआ था जिस पर नगरपालिका ध्यान देने को तैयार ही नहीं थी। कई बार कहने के बाद भी गंदा नाला खुला पडा हुआ था जिस पर मांगीलाल गुर्जर सरपंच, मनीष सोनी, मनोहर दांगी, हीरालाल मेवाड़े, अंकित सोनी, सूरज दांगी फौजी एवं सुरेन्द्र बना ने आपसी सहयोग कर निर्माण कराया।

वाहन संचालकों एवं चालकों की बैठक की आयोजित, दिए निर्देश

## तेज गति, बिना कागज व शराब पीकर वाहन चलाए तो खैर नहीं : टीआई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खुजनेर



रविवार को खुजनेर थाने पर टीआई राधिका भगत के नेतृत्व में वाहन संचालकों एवं वाहन चालकों कि एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पिकअप वाहन, मैजिक, ऑटो, बस ड्राइवर, क्लीनर आदि उपस्थित रहे। बैठक में टीआई भगत ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाने, अधिक आवाज में लाउडस्पीकर बजाने, बीना कागजात के वाहन चालने, शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर सख्त के साथ कार्रवाई की जायेगी इस लिए आप सभी को समझाइए के लिए बुलाया गया है। ये विशेष सावधानी रखें कि वाहन को तेज गति एवं शराब पी कर न चलाएं, वाहन के समस्त कागज सही एवं वाहन चलते समय अधिक आवाज में गाडी में स्पीकर न बजाये ओर वाहन चलते समय सावधानी रखें आदि को लेकर टीआई राधिका भगत ने वाहन संचालकों एवं वाहन चालकों को बैठक के दौरान समझाइए दी गई। न मनाने पर उचित कार्रवाई कि बात कही।

नरसिंहगढ़ ग्रामीण खंड कोटरा में अक्षत कलश पूजन व वितरण कार्यक्रम संपन्न

## हाथ पसार जय श्रीराम की जय घोष कर की अक्षत कलश धारण राम भक्तों की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ़

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से विराजमान उत्सव के निमित्त निमंत्रण हेतु खंड केंद्र कोटरा पर आए अक्षत कलश का पूजन ग्राम कोटरा के राम मंदिर पर अर्चक पुरोहित तथा रामभक्तों तथा माता बहनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर अभियान के प्रभारी उदय मीणा मुख्य वक्ता रहे मुख्य वक्ता द्वारा राममंदिर के इतिहास एवं संघर्ष तथा सफलता के विषयों पर प्रकाश डाला गया। साथी समाज से 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा के समय अपने गांव के प्रत्येक मंदिर को अयोध्या समझे अपने गांव के प्रत्येक मंदिर को राम का मंदिर समझे और एक राम माय वातावरण प्रत्येक मोहल्ले प्रत्येक ग्राम में रहे माता बहने अपने घरों पर संध्याकाल दीप उत्सव मनाए रंगोलिया बनाएं पूजन कार्यक्रम के बाद 12 ग्राम समिति तक अक्षत कलश वितरित किये गए। तत्पश्चा पूरे गांव में शोभा यात्रा ढोल नगाड़े जय श्री राम जय घोष के साथ निकाल कर सभी 12 ग्राम समिति के राम भक्तों को



अपने हाथों पर धारण कर कर ग्रामीणों ने विदाई की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के खंड करवा कमलेश तिवारी रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड प्रभारी हेमंत सेन ने किया। कार्यक्रम में खंड अध्यक्ष रिंकू बना खंड सह प्रभारी बलराम कुशवाह सहित सभी ग्राम समिति के राम भक्त रहे एवं ग्राम समितियो के प्रमुख पटेल सरपंच एवं माता बहने उपस्थित रहे।

3 दिवस के अंदर गार्डन का पंजीयन करें

## मैरिज गार्डन संचालकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खिलचीपुर

नगर में अवैध रूप से चल रहे मैरिज गार्डनों पर विगत दिनों हरिभूमि समाचार पत्र में खबर लगी थी नियमों को ताक में रख हो रहे , नगर में मैरिज गार्डन संचालित खबर को गंभीरता से लेते हुये नगर परिषद सी.एम.ओ.अशोक पांचाल ने त्वरित


हरिभूमि
...ाल - गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि
16 Dec 2023
शादी-समारोह में तेज बजते डीजे, होती आतिशबाजी व खड़े रहते अव्यवस्थित वाहन
नियमों को ताक में रख हो रहे नगर में मैरिज गार्डन संचालित
मैरिज गार्डन व्यवसाय के क्या है नियम
मैरिज गार्डन में तेज साउंड लोगों के लिए प्राण घातक
मैरिज गार्डन से निकली अपशिष्ट सामग्री पशुओं के लिए घातक
मुझे जानकारी नहीं
जांच कर कार्रवाई करेंगे

कार्यवाही करते हुए संचालित अवैध 7 मैरिज गार्डनो के संचालकों को 3 दिवस के अंदर मेरिज गार्डन का पंजीयन और स्वत्व दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया है, नियत समय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। नगर परिषद द्वारा जारी नोटिस सूची में नीरज मैरिज गार्डन, बालाजी मैरिज गार्डन, श्रीनाथ रिजॉर्ट मैरिज गार्डन, शुभम मैरिज गार्डन, उदय पैलेस मैरिज गार्डन, गोपी कंपलेक्स मैरिज गार्डन, दस्तूर मैरिज गार्डन शामिल है।

## एक लय में एक साथ किया गया प्रोग्रेसिव विद्यालय में गीता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

23 दिसंबर को जहां पूरे विश्व में गीता जयंती पर सुबह 11 बजे एक लय में एक साथ गीता का पाठ किया गया। वहीं प्रोग्रेसिव हाइट्स विद्यालय परिसर में शनिवार को गीता जयंती मनाई गई। जहां पर सभी छात्र व छात्राओं और अध्यापक गणों द्वारा एक साथ गीता के तीन श्लोक का उच्चारण व समूह पाठ कर शांति का संदेश दिया गया।

गीता जयंती के महत्व और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए विद्यालय की अध्यापिका प्रेमलता शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है क्योंकि इस तिथि को कुरुक्षेत्र की युद्ध भूमि में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को धर्म और कर्म को समझाते हुए उपदेश दिया था जिसे गीता के नाम से जाना जाता है वही शिक्षिका हर्षिता काव्या व हनिशा काव्या ने बताया कि भगवान



श्री कृष्ण ने जो उपदेश दिए है वही आज गीता जी में हमको मिलते है भगवान श्री कृष्ण जी के उपदेश को हम अपने जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़े, क्योंकि गीता जीवन दर्शन है आज के समाज में तनाव मुक्त रहने हेतु गीता एक औषधि के समान है उसी के साथ विद्यालय में गीता जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बड़े ही मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जहां कुरुक्षेत्र के विभिन्न दृश्यों को दिखाया गया। वहीं ओम भगवतो वासुदेवाय के मंत्रों से सारा वातावरण आनंदमय हो गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव संपन्न



**कुरावर।** नगर में शनिवार शाम को 7 बजे के करीब सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल विद्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में कक्षा 1 से लेकर 10 तक के भैया बहनों ने मनमोहन सुंदर प्रस्तुतियां दी। नृत्य, नाटक, प्रेरणादायक विचारों से ओतप्रोत सांस्कृतिक आयोजनों की प्रस्तुति देखकर अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि शहीद देश में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में आचार्य व दीदीयों के द्वारा भैया बहनों को शिक्षा ग्रहण करवा कर संस्कारवान एवं चरित्रवान मनाया जाता है यहां से निकलने वाले विद्यार्थी का नेतृत्व करते हैं।

## ब्यावरा पब्लिक स्कूल में हुआ दो दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल में कक्षा 4से 8 तक के छात्र-छात्राओं को विज्ञान एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु दो दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय विज्ञान मेले के प्रथम दिवस पर्यावरण एवं विज्ञान आधारित चित्रकला, क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तथा दूसरे दिन संस्था के छात्र - छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई , साथ ही वर्तमान समय में युवाओं पर बढ़ते मोबाइल के दुष्प्रभावों को दर्शाते एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया । वाद




- विवाद में छात्र जीवन ने मोबाइल के उपयोग और अनुपयोग विषय पर पक्ष और विपक्ष के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

चित्रकला प्रतियोगिता की थीम पर्यावरण बचाओ थी। जिस पर छात्रों द्वारा बेहतरीन पोस्टर बनाए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर की समाज सेवी व अग्रवाल सखी क्लब की सदस्य श्रीमति आरती मंगल रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों को "क्या , क्यों और कैसे" के माध्यम से विज्ञान और जानकारियों के प्रति जागरूक होने की सीख दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य अनुराधा कसेरा द्वारा छात्रों को मोबाइल एवं टेक्नोलॉजी का उचित उपयोग करने और अति से बचने का ज्ञान दिया गया । इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर समस्त विजेताओं और प्रतियोगियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं माँ सर्व विद्या शिक्षा एवं कल्याण समिति द्वारा पुरुस्कृत किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में दिशा शिवहरे, शौर्य सिकरवार प्रोजेक्ट में लोकेन्द्र राजपूत , जियांशी दाँगी , सिमरन राठौर क्विज प्रतियोगिता में दिशा यादव , अक्षत पंवार , चंद्रेश यादव और नुक्कड़ नाटक में माधवी चन्द्रवँशी, शिवम यादव, तनु कारपेंटर, कार्तिक सोलंकी आदि ने मैडल प्राप्त किए। कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ शिखा शिवहरे, निधि मित्तल, प्रिया गुप्ता, रीना प्रजापति , बी एस लववंशी, चंचल शिवहरे, रीना वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

शासन की योजनाओं से वंचित लोगों के लिए आवेदन, समस्याओं का किया निराकरण

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ब्यावरा, माण्डु व बिलोदा पाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को विधानसभा के ग्राम पंचायत ब्यावरा मांडू ग्राम पंचायत आमगढा के ग्राम विलोदा पाल पहुंचकर कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण को शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की बात कही साथ ही जो लोग योजनाओं से वंचित है उन लोगों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा जिला महामंत्री नीलम सक्सेना ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों की चिंता कर योजनाओं से वंचित लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। कार्यक्रम को यात्रा के जिला प्रभारी निर्मल जैन विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित




किया कार्यक्रम का संचालन रघुराजसिह सोलंकी ने किया तथा आभार सरपंच दिनेश पाल ने माना। इस दौरान राधेश्याम महेश्वरी आशुतोष वेद दिनेश शर्मा राहुल पुष्पद मनोज शर्मा अनिल बारकिया सहित जनपद पंचायत स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## 108 घरों में यज्ञ के साथ दिलाया व्यसन मुक्त भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज-हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ, ब्यावरा द्वारा नगर में एक साथ एक ही समय पर 108 घरों में गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराया गया। जिसका उद्देश्य व्यसन मुक्त भारत, वातावरण एवं प्रकृति का शोधन व घर परिवार में सुख-शांति, समृद्धि व भावी पीढ़ी संस्कारवान बनें। यज्ञ समन्न कराने हेतु राजगढ़, शाजापुर, सिहोर जिले से सैकड़ों की संख्या मे यज्ञाचार्य पधारें। जिन्होने घर-घर जाकर परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को पहुंचाया।

यज्ञ की पूर्णाहुति मे यजमानों ने व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के पश्चात व्यसन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नगर में रैली निकाली जो मुख्य मार्गों से होते हुए वापस शक्तिपीठ पहुंची। सहभोज




के पश्चात यज्ञाचार्यो की विदाई के साथ आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार के हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, प्रवीण नामदेव, तेजकरण साहू, चन्द्रहास शर्मा, डॉ. ओपी सोनी, परिव्राजक बादामी लाल, राजेन्द्र शर्मा, भारत सिंह कारपेंटर, हितेन्द्र नामदेव, श्रीकृष्ण बंसल जितेन्द्र पंवार, सार्थक शर्मा, भवानी शंकर भट्ट, कैलाश गौड़, संदीप मेवाडे, किशन मेवाड़े, श्रीराम शर्मा, मयंक पुष्पद एवं गायत्री परिजन भाई-बहन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### श्री राम कथा स्थल का किया भूमि पूजन



**आष्टा।** नव वर्ष की शुरुआत पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मालवा माटी के संत विनोद नागर गोविंद जाने के मुखार बिंदु से होने वाली श्री राम कथा का भूमि पूजन विधि विधान से किया गया। भोपाल नाका के पास सीएम राइस ग्राउंड पर वार्ड क्रमांक 18 की पार्षद लता तेजपाल मुकाती के हाथों से भूमि पूजन किया गया। इस वर्ष विशेष रूप से नगर के अलीपुर क्षेत्र धार्मिक महादेव महिला मंडल का विशेष सहयोग रहेगा। वही गोविंद जाने सेवा समिति ने सभी नगर वासी और क्षेत्रवासियों से कथा को विशेष रूप से संपन्न बनाने के लिए विशेष सहयोग की अपील की है। आयोजित होने वाली श्री राम कथा में कथा वाचक विनोद नागर गोविंद जाने प्रति दिन श्रद्धालुओं को अलग-अलग कथाओं का वर्णन करेंगे। वही कथा समापन पर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। भूमि पूजन अवसर पर महादेव मंडल अध्यक्ष भगवती सोनी, डॉ मनोज नागर डॉ सुरुचि सिंह ,चेतन सिंह ठाकुर,बंटी मेवाड़ा विजय खंडेलवाल,चेतन वर्मा, राजा मेवाड़ा, सोनू गुणवान, हरेंद्र ठाकुर जुगल पटेल, चन्दर ठेकेदार, जितेंद्र सरपंच, जाताल सिंह मेवाडा, घनश्याम जांगड़ा, धीरज सिंह मेवाडा, विनीता माहेश्वरी, मनीषा नागर, शेलबाला शर्मा, मंजू राठौर, टीना पांचाल, ललिता वर्मा आदि श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### उत्तर पूर्व की ओर से चल रही हवाएं, कोहरे के साथ सर्द हवाओं का सिलसिला भी हुआ शुरू

# सुबह 9 बजे तक छाया रहा घना कोहरा: सर्द हवा से बढ़ी ठंड, बादल छाने के साथ चली सर्द हवा, जलने लगे अलाव

सोमवार की सुबह घने कोहरे के कारण भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालक लाइट जलाकर वाहन चला रहे थे।



घने कोहरे ने ढकी सूरज की किरणें

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा गया सोमवार को सुबह 4 बजे से 9 बजे तक घना कोहरा छाया रहा आलम यह था कि भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालक लाइट जलाकर वाहन चला रहे थे सामने के वाहन के कोहरे के कारण बिल्कुल भी नहीं दिखाई दे रहे थे एक तरह से कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। सोमवार को एक बार फिर से क्षेत्र में घना कोहरा छा गया कोहरे व कड़ाके की ठंड के कारण क्षेत्र का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। यह जरूर है कि क्रिसमस की आज छुट्टी है, लेकिन बुजुर्ग लोगों को कड़ाके की ठंड से परेशान होना पड़ा सुबह 5 बजे से क्षेत्र में घना कोहरा छा गया था कोहरा सुबह 9 बजे तक रहा।

इस दौरान भोपाल इंदौर हाईवे ,कन्नौद खंडवा, सुजालपुर पचोर सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालकों को लाइट जला कर वाहन चलाना पड़ रहे थे। इधर कड़ाके की ठंड से क्षेत्र की फसले लहरा उठी है। इस बार भी किसानों को अच्छी फसल की उम्मीद है क्योंकि मावठा भी समय पर गिरा।

#### सुबह से ही बादल छा गए

कोहरे के साथ ही सर्द हवाओं का सिलसिला भी शुरू हो गया।जिससे नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर देखा गया। दिनभर लोग ठंड से बचने का जतन करते रहे। ग्रामीण इलाकों में तो कई स्थानों पर अलाव जलते दिखाई दिए सोमवार की सुबह के समय से घना कोहरा छाया रहा। जिससे विजिबिलिटी भी कम हो गई है और सड़कों पर वाहन चालकों को अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। इस समय उत्तर पूर्व की और से हवा चल रही है। जिसकी रफ्तार 10 किमी प्रति घंटे के आसपास है। दो दिन बाद बादल हट जाएंगे, जिसके बाद दिन रात के पारे में गिरावट होगी। साथ ही ठंड का असर तेजी से बढ जाएगा। बादलों से बढ़ा दिन रात का पारा सर्द हवा चलने की वजह से ठंड का असर दिखाई दे रहा है लेकिन दिन रात के पारे में उछाल आया है।

#### कड़कड़ाती सर्दी में जा रहे ट्यूशन

नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के दो हजार छात्र-छात्राएं अलसुबह 5 बजे से कोचिंग सेंटरों पर जाते नजर आ रहे हैं। यह सभी छात्र हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में अध्ययनरत हैं। किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है एक तरफ जहां छात्राओं के पालक गण भी लापरवाही बरत रहे हैं, जो इतनी अल सुबह से अकेली अपनी बेटी को ट्यूशन के लिए भेज देते हैं। जबकि न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। इस कड़कड़ाती ठंड में इन छात्रों का कहीं स्वास्थ्य खराब न हो जाए इसकी परवाह न तो कोचिंग सेंटर संचालकों को है और न शिक्षा विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां बताना जरूरी है कि नगर में एक दर्जन से अधिक ऐसे कोचिंग सेंटर हैं। जिन्होंने न संबंधित विभाग में अपना पंजीयन कराया है और इन कोचिंग सेंटर के पास छात्रों को बैठाने के लिए पर्याप्त जगह है। लेकिन शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण कोचिंग सेंटर संचालक मनमानी कर रहे हैं।शासन के प्रावधानों के अनुसार नगर के सभी कोचिंग सेंटर का पंजीयन कार्यालय में होना चाहिए। लेकिन नगर में अधिकांश कोचिंग सेंटर बगैर पंजीयन के ही चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में नगर के जिन इलाकों में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर चल रहे हैं , वहां पर सुनसान जगह है। अजब सिंह राजपूत विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोचिंग सेंटर के संबंध में हमारे पास कोई रिकॉर्ड नहीं है इनका पंजीयन विभाग में ही रजिस्ट्रेशन होता है। इतनी सुबह से कोचिंग क्लासेस नहीं लगना चाहिए और पालकों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए। हम कोचिंग वालों की बैठक लेकर इस संबंध में निर्देश देंगे।

## भारतीय किसान संघ ने प्रारंभ किया सदस्यता अभियान, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भारतीय किसान संघ आष्टा द्वारा नगर के सेमनरी रोड पर स्थित गीतांजलि गार्डन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय किसान संघ मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी एवं सीहोर जिले के जिला प्रभारी पूरन सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में आष्टा विकासखंड के विभिन्न गांव से आए किसान एवं किसान पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि भारतीय किसान संघ की हर तीसरे वर्ष में सदस्यता होती है, जो इस वर्ष 2024 की सदस्यता होनी है। वह 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक रहेगी, जिसमें किसान संघ के कार्यकर्ता विशेष अभियान चलाकर गांव- गांव में जाकर किसानों को किसान संघ के सदस्य बनाएंगे। बैठक के बाद सभी किसानों ने रैली के रूप में भगवान मनकामेश्वर महादेव मंदिर में जाकर भगवान की पहली सदस्यता की रसीद बनाई और सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात नगर के सुरेश सुराणा सहित कुछ नागरिकों को भी किसान संघ का सदस्य बनाया गया।भारतीय किसान संघ आष्टा के तहसील अध्यक्ष राकेश वर्मा ने सभी किसानों से अपील की है कि सभी लोग किसान संघ के सदस्य बने ।इस अवसर पर काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सीसी रोड़ निर्माण कार्य का किया निरीक्षण मानक स्तर का कार्य करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका द्वारा नागरिकों की मूलभूत आवश्यक्ताओ का ध्यान रखते हुए नगर मे निर्माण कार्य जारी है। इसी के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 13 मे निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा पार्षद डॉ सलीम खान, सुभाष नामदेव, रविवार शर्मा की मौजूदगी मे किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री मेवाड़ा ने निर्माणाधीन सीसी रोड़ की गुणवत्ता के बारे मे वार्डवासियो से चर्चा की और उनकी समस्याओ को जाना। ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण उच्च गुणवत्ता व मानक स्तर कि समग्रियो का उपयोग कर ही करें, निर्माण कार्य मे किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होंगी. निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ वार्ड के अल्ताफ बैग, सिराज खा, कलीम खा, चुटका खा, मुन्ना खा, हसीन खान, आरिफ मामा, जितेंद्र आदि मौजूद थे।

## सफर के दौरान यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं वाहन चालक

**ओवरलोड वाहन की वीडियो व फोट भेजें, ऑनलाइन कटेगा चालान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ओवर लोडिंग के खिलाफ परिवहन विभाग व ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाइयां शुरू की हैं। इस काम में पुलिस और परिवहन विभाग आम जनता का भी सहयोग लेने जा रहा हैं। आम लोग भी ओवर लोड वाहनों की ऐसी वीडियो पुलिस को पोस्ट कर सकते हैं, जिसमें यात्री वाहन ओवरलोड दिखाई दे रहे हैं। यह अभियान विशेषकर यात्री वाहनों में ओवर लोडिंग रोकने के लिए शुरू किया जा रहा है। पुलिस और परिवहन विभाग खुद भी अचानक कहीं भी चैक प्वाइंट लगाकर ओवर लोड वाहनों को जांचेंगे और उन पर कार्रवाई करेंगे। मुख्य मार्गो पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग लगातार कार्रवाइयां करता है। लेकिन अधिकारियों का मानना है कि हर समय ट्रैफिक पुलिस और परिवहन अमला हर जगह मौजूद नहीं रह सकता। ऐसे में जागरूक लोग पुलिस और परिवहन विभाग की मदद कर सकते हैं। यही वजह है कि ट्रैफिक पुलिस ने नया प्रयोग किया है। जिसमें आम लोगों द्वारा ओवर लोड यात्री वाहनों के वीडियो उपलब्ध कराने पर ऐसे वाहनों पर चालान बनाए जाएंगे। परिवहन विभाग भी ऐसे यात्री वाहन को नोटिस जारी करेगा और उचित उत्तर न मिलने पर ऐसे यात्री वाहनों के परमिट निरस्त किए जाएंगे। इसके अलावा परिवहन विभाग व पुलिस महकमा बीच-बीच में चेकिंग अभियान चलाता है। चुनाव के दौरान जगह-जगह जांच नाके लगाए गए थे, जिससे ओवर लोडिंग की समस्या खत्म हो गई थी, लेकिन अब जांच नाके नहीं हैं, ऐसे में ओवर लोडिंग की समस्या फिर से खड़ी हो रही है।

## दानदातागण और समाज के सहयोग से गौसेवा का संकल्प सफल हो सकता हैं: नरेन्द्र कुशवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के समीप स्थित मां पार्वती धाम गौशाला गौ सेवा के क्षेत्र में संपूर्ण क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बना चुकी हैं। नगर एवं आसपास के निवासीगण गौ सेवा के माध्यम से अपने सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हैं। जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अपने पूर्वजों की स्मृति मे मां पार्वती धाम गौशाला में पहुंच कर गायों को चारा खिलाते हैं। वर्ष 2014 में नगर के गौसेवकों के प्रयास से प्रारंभ हुई गौ सेवा की यह मुहिम आज नगर में अनूठी पहचान बना चुकी हैं। दानदाताओ के सहयोग से करीब 150 से अधिक गौ माताओं के संरक्षण इस गौ शाला में किया जा रहा हैं। उक्त बातें मां पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह ने कहीं । श्री कुशवाह ने कहा कि मां पार्वती धाम गौशाला के सुचारू संचालन के लिए हमने परिवार के मांगलिक एवं अपने पूर्वजों की स्मृति में मनाये जाने वालो आयोजनो को गौ सेवा के रूप में मनाये जाने का अभियान पिछले करीब 3 वर्षो से चलाया हुआ हैं, जिसकी परिणिति आज यह हैं कि आऐ दिन मांगलिक उत्सव जैसे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अपने पूर्वजों की स्मृति में गौसेवा के रूप में नागरिकगण सहयोग कर रहे हैं।जिससे गौसेवा का धार्मिक लाभ तो मिलता ही हैं, वह गौ सेवा के अभियान की समाज में चेतना फैल रही हैं। उन्होंने समाज एवं दानदाताओ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौ सेवा का संकल्प तभी तक संभव हो सका कि दानदाता एवं समाज का गौ सेवा के कार्य में सहयोग मिला। नगर के गौसेवा प्रेमी पप्पू कुशवाह बैरसिया, मृदुल पारख, विपिन सिंगी, दीपेश सिंगी, डॉ रमेश अरोलिया, डॉ पूनम वर्मा ने मॉ पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह को गौ सेवा हेतु अपनी गुल्लक भेंट की। इस अवसर पर सुभाष सांवरिया, सुनील प्रगति, नरेन्द्र पोरवाल, संजय जैन किला, संजय सुराणा, सुनिल कचनेरिया, नितिन सिंगी, अमरचंद कुशवाह आदि मौजूद थे।

## महिला जागृति की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय महिला जागृति मंच मेन शाखा आष्टा की मासिक बैठक मंच की अध्यक्ष श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल के निवास पर संपन्न हुई। उक्त बैठक के प्रारंभ में बड़े बाबा आदिनाथ भगवान एवं मंच के आशीर्वाद दाता शांति दूत की उपाधि से विभूषित जिनशरणम तीर्थ प्रणेता आचार्य पुलक सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती भक्ति भाव के साथ की गई। वहीं मंच की सभी ने भक्तांबर जी का पाठ भी किया। मंच की बैठक के दौरान बड़े बाबा आदिनाथ भगवान एवं आचार्य पुलक सागर महाराज के चित्र के समक्ष आरती की गई ।वहीं भक्तांबर जी का पाठ एवं चौबीसी तथा भजन भक्ति भाव के साथ किए गए। इस अवसर पर गेम्स भी कराए गए तथा विजेताओं को मंच की अध्यक्ष श्रद्धा गंगवाल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। गेम्स में प्रथम प्रीति जैन एवं श्वेता जैन साक्षी तथा द्वितीय प्रीति जैन तथा तृतीय वैशाली जैन रही। इस अवसर पर मंच की पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित थी।

**महावीर भवन स्थानक में बच्चों ने की धर्म आराधना**

## बच्चों को संस्कारित करना कठिन कार्य: अभय मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्रोध,मान, माया,लोभ में माया झुकती नहीं है। मोहिनी कर्म का लगातार बंध कर रहे हैं।यह चारों कषायों से व्यक्ति जकड़ा हुआ है।यह अनंत भव -भव में भटकाती है । क्षमा भाव रखें। तीर्थंकर महावीर स्वामी की माता 14 स्वप्न देखती है। काफी प्रसन्न होकर राजा सहित सभी को बताती है। सिद्ध भगवान बोलते नहीं,वह णमो सिद्धाणम। सिद्ध भगवान की भक्ति करते हैं। कषायों, पापों के लिए मौन रहना पाप कर्म बांधते हैं।मौन साधना करना चाहिए। आत्मा को आनंद मिलता है।कम बोलें,तोल,मोल के बोले। वाणी का मूल्य समझें। अच्छा बोलने वाले अमृत के समान और मान, माया और मोह के वशीभूत होकर बोलने वाले जहर के समान है। मन के अंदर झांकना चाहिए,तन से मोह रखते हो, जबकि मन से मोह रखें और उसे साफ रखें। उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि आज बच्चों का सुख मोबाइल ने छीन लिया। अपने काम करने के लिए माताएं अपने बच्चों को मोबाइल पकड़ा देती है। घर में रहकर व्यक्ति धर्म,पाप, पुण्य की खेती कर सकते हैं।मन,वचन और काया पर नियंत्रण रखें। कषाय से दूर रहें।पांच इंद्रियों की रसा इंद्रिय है, इस पर कंट्रोल करें।

#### हमेशा सम भाव में रहो: हेमंत मुनिश्री

हेमंत मुनिश्री ने कहा संसार से निकलने का भाव रखें, सामायिक की साधना कर रहे हैं।सम भाव में रहना,राग,द्वेष,मोह, माया सब दूर। सामायिक की साधना हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है।पूरे जीवन सामायिक करते रहे तो अगला भव सुधर जाएगा। सामायिक का महत्व समझें। पापों को रोकने के लिए सामायिक की साधना करें। अपनी इच्छाओं को कम करें। सामायिक करने से समभाव आता है। मुनियों की सेवा और अच्छा कार्य करने की अनुमोदना के भाव आते हैं। सामायिक के एक- एक शब्दों को अपने जीवन में आत्मसात करें।जब भी अवसर मिलें चिंतन करें कि भगवान ने यह शब्द क्यों बताएं।

## चर्च में उत्साह से मनाया क्रिसमस पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रभु यीसु मसीह के जन्मदिन का पर्व क्रिसमस नगर में धूमधाम से मनाया गया। मसीह समाज ने पर्व की खुशियां अपने धर्मस्थलों पर रोशनी और सजावट करके मनाई । इस अवसर पर देश दुनिया मे शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थनाऐं की गई। साथ ही येशु के जन्म दिन की खुशी में गीत और भजन भी गाये ।प्रदेश कांग्रेस महासचिव कैलाश परमार ने साथियों सहित ख्रीस्त प्रेमालय पहुंच कर मसीह समाज के प्रमुखों को बधाई दी। नगर में ईसाई समाज शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में सेवारत है। यहाँ धार्मिक शिक्षा का भी बड़ा केंद्र है। स्थानीय मसीह गुरुकुल में धार्मिक शिक्षा के लिए देश भर से विद्यार्थी आते हैं। इस लिहाज से आष्टा दुनिया भर में विख्यात है। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने ईसाई गुरुकुल के कुलाधिसचिव फादर फ्रांसिस स्थानीय चर्च प्रमुख फादर जोलेडिस टोप्पो पुष्प चिकित्सालय की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हेरिमन एवं डॉ नैंसी, प्रशासक सिस्टर आनंदा नवांकुर सामाजिक संस्थान प्रमुख सिस्टर हर्षिता सहित सभी उपस्थितजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर क्रिसमस की बधाई दी । इस अवसर पर समाजसेवी सुनील प्रगति तथा एडवोकेट वीरेंद्र सिंह परमार भी मौजूद थे।